बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

**आदेश**

संoसंo–11/AES (विविध)–02/2022–300(11) /पटना, दिनांक– 12/04/2022

दिनांक–25.03.2022 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आहूत समीक्षात्मक बैठक में लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन तथा बिहार राज्य में AES/JE संक्रमण से वर्तमान में प्रभावित जिलों यथा–पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी एवं शिवहर में रोग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, इसके कुशल प्रबंधन हेतु विभिन्न विभागों/हितधारकों (Stake Holders) के बीच सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने तथा अभियान के प्रति समुदाय स्तर पर संक्रमण के विरुद्ध निरोधात्मक/उपचरात्मक चेतना उत्पन्न करने के लिए राज्य, जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर टास्क–फोर्स की स्थापना की आवश्यकता के मद्देनजर इसका गठन निम्न प्रकार किया जाता है:–

**(I) राज्य स्तरीय टास्क फोर्स :–**

बिहार राज्य में AES/JE संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने एवं इसके कुशल प्रबंधन हेतु विभिन्न विभागों के बीच सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने का कार्य इसके द्वारा किया जाएगा। साथ ही यह टास्क–फोर्स नीतिगत–निर्णय लेने के साथ–साथ जिलास्तरीय एवं प्रखण्डस्तरीय टास्क–फोर्स को आवश्यक मार्गदर्शन देने तथा अनुश्रवण/पर्यवेक्षण का कार्य करेगी। इस हेतु आवश्यकतानुसार समय–समय पर टास्क फोर्स की बैठक मुख्य सचिव, महोदय की अनुमति से आहूत की जाएगी। राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की सदस्य संरचना निम्नवत् रहेगी:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य सचिव, बिहार | – **अध्यक्ष** |
| 2. | अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार | – सदस्य सचिव |
| 3. | अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 4. | प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 5. | प्रधान सचिव, पंचायती राज्य विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 6. | सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 7. | सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 8. | सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 9. | सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 10. | सचिव, परिवहन विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 11. | सचिव, अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग, बिहार | – सदस्य |
| 12. | परियोजना निदेशक, जीविका, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन, परियोजना | – सदस्य |
| 13. | कार्यपालक निदेशक–सह–नोडल पदाधिकारी(**AES**), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार | – सदस्य |
| 14. | तकनीकी विशेषज्ञ | –आमंत्रित सदस्य |



This may be downloaded from Health Deptt. GoB web portal as below- https://state.bihar.gov.in/health/ from its Menu & Guidelines/Operational Guideline's section.

Annexure - T

## (II) जिला स्तरीय टास्क फोर्स :–

संक्रमण से संबंधित आंकड़ों के संग्रहीकरण तथा राज्य को इस संबंध में त्वरित रूप से सूचना के प्रेषण हेतु जिला स्तरीय टास्क–फोर्स प्राथमिक रूप से जवाबदेह होगा। टास्क–फोर्स यह सुनिश्चित करेगा कि अप्रैल से लेकर जुलाई तक इसकी पाक्षिक बैठक आहूत कर समीक्षा की जाय तथा जुलाई के उपरांत प्रत्येक माह न्यूनतम एक बैठक अवश्य आहूत की जाय। यह टास्क–फोर्स चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आदि को आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

टास्क–फोर्स निम्नांकित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करेगीः–

i. जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के बीच आवश्यक व परस्पर सहयोग–समन्वय स्थापित करना तथा कार्यक्रम के क्रियान्वयन की सफलता सुनिश्चित करना।
ii. संक्रमण के संबंध में क्षेत्रगत आँकड़ों का संग्रहण व समीक्षा कर उपचारात्मक कार्रवाई करना।
iii. राज्य से प्राप्त दिशा–निर्देशों से संबंधितों को संप्रेषण कर अनुपालन सुनिश्चित कराना।
iv. कार्यक्रम से संबंधित निरोधात्मक व उपचारात्मक क्रियाकलापों के प्रति जन जागरुकता अभियान चलाना।
v. संक्रमण की स्थिति तथा इसके रोक–थाम हेतु किये गये कार्य की प्रगति की समीक्षोपरांत इससे विभाग को अवगत करना।
vi. प्रखंडस्तरीय टास्क–फोर्स के अनुश्रवण नियंत्रण एवं मार्गदर्शन का कार्य करना।

जिला स्तरीय टास्क–फोर्स की सदस्य संरचना निम्नवत् रहेगीः–

| | |
|---|---|
| 1. जिला पदाधिकारी | – **अध्यक्ष** |
| 2. उप विकास आयुक्त | – सदस्य |
| 3. सिविल सर्जन | – सदस्य सचिव |
| 4. अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी | – सदस्य |
| 5. जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी | – सदस्य |
| 6. जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी | – सदस्य |
| 7. कार्यपालक अभियंता (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन) | – सदस्य |
| 8. जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS) | – सदस्य |
| 9. जिला पंचायत पदाधिकारी | – सदस्य |
| 10. जिला आपूर्ति पदाधिकारी | – सदस्य |
| 11. जिला परिवहन पदाधिकारी | – सदस्य |
| 12. जिला शिक्षा पदाधिकारी | – सदस्य |
| 13. जिला पशुपालन पदाधिकारी | – सदस्य |
| 14. सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी | – सदस्य |
| 15. जिला कार्यक्रम प्रबंधक (DPM) जीविका | – सदस्य |
| 16. डेवलपमेंट पार्टनर्स (स्वास्थ्य) के प्रतिनिधि | – आमंत्रित सदस्य |





This may be downloaded from Health Deptt. GoB web portal as below- https://state.bihar.gov.in/health/ from its Menu & Guidelines/Operational Guideline's section.

## (III) प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स :–

बिहार राज्य में AES/JE संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने एवं इसके कुशल प्रबंधन हेतु प्रभावित प्रखंडों में यह टास्क फोर्स जिलास्तरीय टास्क फोर्स के निर्देशन में कार्य करते हुए जिलास्तरीय टास्क फोर्स को आवंटित दायित्वों को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करेगी, तथा सूचना संग्रहण, संप्रेषण एवं चिकित्सकीय प्रबंधन के प्रति संवेदनशील व समर्पित होकर दायित्व निर्वहन करेगी। अप्रैल माह से लेकर जुलाई माह तक इसकी पाक्षिक बैठक आहूत कर समीक्षा की जाय तथा जुलाई माह के उपरांत प्रत्येक माह न्यूनतम एक बैठक अवश्य आहूत की जाय। प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की सदस्य संरचना निम्नवत् रहेगी:–

1. प्रखण्डों के प्रभारी नोडल पदाधिकारी – **अध्यक्ष**
2. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी – सदस्य
3. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी – सदस्य सचिव
4. बाल विकास परियोजना पदाधिकारी – सदस्य
5. प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी – सदस्य
6. प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी – सदस्य
7. प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी – सदस्य
8. प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, – सदस्य
9. प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक (Block Health Manager) – सदस्य
10. प्रभावित प्रखंडों के प्रमुख, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत राज के मुखिया – सदस्य
11. जीविका प्रतिनिधि – सदस्य
12. मलेरिया कार्यक्रम अन्तर्गत BHI एवं VBDS – सदस्य
13. डेवलपमेंट पार्टनर्स (स्वास्थ्य) के प्रतिनिधि – आमंत्रित सदस्य

**(प्रत्यय अमृत)**
**अपर मुख्य सचिव,**

**ज्ञापांक:–** 300(II) **/दिनांक–** 12/04/**2022**

**प्रतिलिपि:–** राज्यस्तरीय टास्क–फोर्स के सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:–** संबंधित जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय टास्क–फोर्स/संबंधित सिविल सर्जन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:–** अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**अपर मुख्य सचिव**



जीवन्त बिहार... सपना हो साकार
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
Curtsey from SOP's 2025, Page No.- 80-82
This may be downloaded from Health Deptt. GoB web portal as below- https://state.bihar.gov.in/health/ from its Menu & Guidelines/Operational Guideline's section.